URA2122A0038 है। विश्वविद्यालय अभियन्ता।

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

शाखा कार्यालय: 6वां तल, एटलांटिस टॉवर, डी-231/232, आमपाली मार्ग, आम्रपाली सर्किल के पास, वैशाली नगर, जयपुर- 302021

शुद्धिपत्र अधोहस्ताक्षरी होने के नाते प्राधिकृत अधिकारी द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि समाचार पत्री अर्थात् दैनिक नवज्योति और इंडियन एक्सप्रेस दिनांक 2-2-2022 में विक्रय सूचना में संपत्ति और प्लांट और मशीनरी के संबंध में प्लॉट नंबर- एफ-816, रोड नंबर- 14, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, क्षेत्रफल 1265 वर्ग मीटर, प्रकाशित हुआ था। आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्लांट और मशीनरी के लिए ईएमडी मूल्य 2,61,500/- है, जो टंकण त्रुटि के कारण 2,61,000/- के रूप में प्रकाशित है, इसलिए प्लांट और मशीनरी के लिए ईएमडी को रूपये 2,61,500/- के रूप में पढ़ा जाए। इसके अलावा बिक्री की शर्तों में एक और शर्त शामिल है कि- केवल उन बोलीदाताओं को भाग लेने की अनुमति दी जाएगी जिन्होंने प्लांट और मशीनरी के साथ-साथ संपत्ति के लिए बोली लगाई थी और भूमि एवं भवन और प्लांट व मशीनरी के लिए अलग-अलग बोली लगाने की अनुमति नहीं है।

विक्रय का विवरण

क्र. सं.	विवरण	आरक्षित मूल्य	धरोहर जमा राशि
1	भूमि एवं भवन	5,10,00,000.00	51,00,000.00
2	प्लांट एवं मशीनरी	26,15,000.00	2,61,500.00
	कुल	5,36,15,000.00	53,61,500.00

इसके अलावा बिक्री नोटिस दिनांक 2-2-2022 में दैनिक नवज्योति और इंडियन एक्सप्रेस में उल्लेखित सभी शर्तें समान रहेंगी तथा उपरोक्त शर्तें पहले से प्रकाशित शर्तों के अतिरिक्त हैं।

प्राधिकृत अधिकारी
कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

दिनांक: 02.02.2022

कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 27, बीकेसी, सी-27, जी ब्लॉक, बान्द्रा कुरला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुम्बई- 400051

शाखा कार्यालय: 6वां तल, एटलांटिस टॉवर, डी-231/232, आमपाली मार्ग, आम्रपाली सर्किल के पास, वैशाली नगर, जयपुर- 302021

चल/अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय नोटिस

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 की वित्तीय आस्तियों तथा प्रवर्तन के पुनर्निर्माण एवं पुनर्निर्धारण के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसामान्य को तथा विशेष रूप से ऋणियों एवं जमानतदारों को सूचना दी जाती है कि कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड ('प्रतिभूत लेनदार') नीचे वर्णित बंधक/हस्तांतरित अचल सम्पत्ति, जिस पर प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत प्राधिकारी ने दिनांक 24/12/2021 को कब्जा कर लिया है, को "जहाँ है जैसे है", "जो है वहीं है तथा जो कुछ भी है वहीं है" के आधार पर ऋणियों- 1. मैसर्स साबू सुपर एडिबल्स प्रा. लिमिटेड (ऋणी/बंधककर्ता), जरिये प्राधिकृत निर्देशक श्री विजय कुमार साबू और श्रीमती वचीता देवी साबू, प्लॉट नंबर एफ -816, रोड नंबर - 14, वीकेआई एरिया, जयपुर, जयपुर (राजस्थान), 2. श्री विजय कुमार साबू और श्रीमती वचीता देवी साबू (गारंटर), फ्लैट नंबर-208 गोल्डन टाइम्स , सेंट्रल स्पाइन, विद्याधर नगर, जयपुर-302012, जयपुर (राजस्थान) से प्रतिभूत लेनदार के बकाया रु.5,67,65,091.30 (रुपये पाँच करोड़ सडसठ लाख पैंसठ हजार इकरानवे और तीस पैसे मात्र) दिनांक 31/08/2021 तक तथा आगे का ब्याज, लागतें, शुल्कों एवं खर्चों की वसूली हेतु दिनांक 08 मार्च, 2022 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री की जायेगी। सम्पत्तियों का विवरण, आरक्षित मूल्य (जिस मूल्य से नीचे सम्पत्ति नहीं बेची जाएगी), जमा धरोहर राशि का विवरण तालिका में वर्णित है-

बिक्री हेतु सम्पत्ति का वर्णन

मैसर्स साबू सुपर एडिबल्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में सम्पत्ति

सम्पत्ति के सभी अंश व अंग गठित होते है साबू सुपर एडिबल्स प्राईवेट लिमिटेड के स्वामित्व में जिसमें गैर कृषि अचल सम्पत्ति औद्योगिक सम्पत्ति प्लॉट नं.- एफ-816 जो एफ-816, रोड नं. 14, विश्वकर्मा औद्योगिक क्षेत्र, जयपुर में स्थित जिसका क्षेत्रफल 1265 वर्गमीटर, भूतल पर बिल्ट अप एरिया 6908 वर्गफीट, भूतल (ग्रेड) का 3092 वर्गफीट, प्रथम तल का 6144 वर्गफीट एवं द्वितीय तल का 6144 वर्गफीट, यहां पर सभी वर्तमान और भविष्य के निर्माण के साथ, उक्त सम्पत्ति के चार कोने इस प्रकार है- पूर्व: रोड, पश्चिम: प्लॉट नं. एसपी-1-818, उत्तर: प्लॉट नं. एफ-817, दक्षिण: प्लॉट नं. एफ-815

प्लांट एवं मशीनरी- Weigh sclale, FD fan with motor, Platform, Machine Double Chamber, Elevator 23 Pc. withmotor & conve, Cental Shaft with pulleys, Pulvaliser, Electric Control Panel, Destoner, APC, Pulse Cleaner, Dust Cleaner, Pre-Cleaner, Electric Motor 40 HP, Supporting Shaft with pulley, Transfer Chamber, Vibro Cleaner, Electrical Fittings, Structure & Piping, Welding machne make-Vulcan, Input Pipe with motor, Storage tank 14'x18', Iron tank 6'x10', Iron tank 18'x6', Cleaning Machines, Mixture tank small, Center shaft with 30 HP motor, Transformer 500 KVA, Elevators 6 Pc., Storage tank, Control panel, Elevators 3 Pc. Iron tank partion, Sortex Machine, Cyclone, Electric Controler and other accessories.

बिक्री का विवरण

क्र. सं.	विवरण	आरक्षित मूल्य	जमा धरोहर राशि
1	भूमि एवं भवन	5,10,00,000.00	51,00,000.00
2	प्लांट एवं मशीनरी	26,15,000.00	2,61,000.00
	ई-नीलामी की दिनांक		08-03-2022 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 01 बजे
	निविदा खोलने का स्थान		कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड, एसी बिजनेस यूए, 6वां तल, एटलांटिस टॉवर, डी-231/232, आम्रपाली मार्ग, आम्रपाली सर्किल के पास, वैशाली नगर, जयपुर- 302021
	बोली जमा करने की अंतिम दिनांक		दिनांक : 07 मार्च, 2022 को सायं 4 बजे
	निरीक्षण की दिनांक एवं समय		दिनांक : 04 मार्च, 2022 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 3 बजे।

ई-नीलामी द्वारा चल/अचल संपत्ति की बिक्री के नियम और शर्तें:-

1. नीलामी बिक्री जरिये 'ऑनलाइन ई-नीलामी / बोली' केएमबीएल के अनुबोधित सेवा प्रदाता, ई-प्रोक्योरमेंट टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (ऑक्शन टाइगर), जिसका कार्यालय- अहमदाबाद, गुजरात -380006 द्वारा होगी, डेस्पलाइन नंबर श्री राम प्रसाद शर्मा, दूरभाष संख्या +918000023297 / +917935022182 और वेब पोर्टल https://kotakbank.auctiontiger.net हेल्प लाइन मेल आईडी support@auctiontiger.net
2. नीलामी बिक्री दिनांक 08 मार्च 2022 को सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे के मध्य 5 (पांच) मिनट के लिए स्वतः विस्तार के साथ आयोजित की जाएगी, यदि बोली निश्चित समापन समय से पहले अंतिम पांच मिनट में रखी जाती है।
3. प्रस्तुत किया जाने वाला बोली मूल्य, प्राधिकृत अधिकारी ('एओ') द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से अधिक होगा और बोलीदाता अपनी बोली को रूपये 25,000/- (रुपये पच्चीस हजार मात्र) के गुणक में आगे बढ़ा सकेगा।
4. संपत्ति एओ द्वारा निर्धारित आरक्षित मूल्य से नीचे नहीं बेची जाएगी। आरक्षित मूल्य के नीचे दी गई बोली को अस्वीकार कर दिया जाएगा और जमा की गई ईएमडी जब्त कर ली जाएगी।
5. सफल बोलीदाता को ई-नीलामी बिक्री प्रक्रिया के बंद होने के तुरंत बाद या अगले कार्य दिवस की समाप्ति से पहले भुगतान की गई क्रय राशि (अमानत राशि सहित) का 25% भुगतान करना होगा। क्रय मूल्य के शेष 75% का भुगतान बैंक द्वारा बिक्री की पुष्टि के 15(पंद्रह) दिनों के भीतर या ऐसी विस्तारित अवधि के रूप में करना होगा जो लिखित रूप में तथा एओ के विवेक पर सहमत हो, ऐसा न करने पर बैंक प्रेरणा द्वारा पहले से भुगतान/जमा की गई राशि को जब्त कर लेगा और एओ के पास अगले उच्चतम बोली लगाने वाले को बिक्री की पुष्टि करने का अधिकार है।
6. बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि वे अपनी बोली जमा करने और कार्यवाही में भाग लेने से पहले बोली प्रपत्रों और बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए उक्त वेबसाइट https://kotakbank.auctiontiger.net देखें।
7. बोलियां केवल निर्धारित प्रारूप (प्रारूपों) में ऑनलाइन प्रस्तुत की जाएंगी, जिसमें संबंधित विवरण विधिवत भरे हुए होंगे। किसी अन्य प्रारूप/अधूरी बोलियों में जमा की गई बोलियों को अस्वीकार कर दिया जाएगा।
8. सभी बोली प्रपत्रों के साथ निम्नलिखित केवाईसी दस्तावेजों की प्रतियां होनी चाहिए, जैसे (i) पैन कार्ड (ii) आधार कार्ड/पासपोर्ट (iii) वर्तमान पता प्रमाण (iv) वैध ई-मेल आईडी (v) संपर्क नंबर (मोबाइल/लैंडलाइन) आदि। उक्त दस्तावेजों की स्कैन की गई प्रतियां ऊपर बताई गई ईमेल आईडी पर जमा की जाएंगी। साथ में बिक्री नोटिस में वर्णित संपत्ति हेतु जमा धरोहर राशि (ईएमडी) जयपुर में देय कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा की जाएगी।
9. इच्छुक बोली लगाने वाले को ईएमडी जमा करने का प्रमाण बैंक को स्वीकार्य प्रारूप में प्रस्तुत करना चाहिए।
10. बोलीदाताओं के पास वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए क्योंकि प्रतिभूत लेनदार/सेवा प्रदाता से सभी प्रासंगिक जानकारी केवल ईमेल के माध्यम से ली जा सकती है।
11. संभावित इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी में भाग लेने पर ऑनलाइन/व्यक्तिगत प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए ऊपर वर्णित विवरण पर सेवा प्रदाता से संपर्क कर सकते है।
12. यदाकदि, न तो अधिकृत अधिकारी और न ही प्रतिभूत लेनदार या सेवा प्रदाता किसी भी तकनीकी चूक/बिजली की विफलता आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
13. असफल बोलीदाताओं की ईएमडी ई-नीलामी कार्यवाही बंद होने की तिथि से 7 कार्य दिवसों के भीतर वापस कर दी जाएगी।
14. जिसे बैंक द्वारा पूर्ति के अधीन है। यदि जरूरी/गारंटर ई-नीलामी की नियत तिथि और समय से पहले प्रतिभूत लेनदार को देय पूरी राशि का भुगतान करते है, तो कोई बिक्री नहीं की जाएगी।
15. एओ के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, उपरोक्त संपत्तियों पर कोई अन्य भार नहीं है, हालांकि संभावित निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी उचित जांचपड़ताल करें और शीर्षक/अधिभार आदि के संबंध में स्वतंत्र जांच करें। एओ को उपरोक्त बंधक संपत्ति के संबंध में सरकार और किसी को भी किसी भी शुल्क, सहायिकी, दावा, संपत्ति कर या किसी अन्य देय राशि के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। संपत्तियों को सभी मौजूदा और भविष्य के भारों के साथ बेचा जा रहा है, जिसका प्रतिभूत लेनदार को ज्ञात हो या अज्ञात।
16. एओ को किसी भी निविदा/निविदाओं को अस्वीकार करने या बिना कोई कारण बताए ई-नीलामी रद्द करने का अधिकार प्राप्त है।
17. बिक्री की शर्तों के अनुपालन पर, एओ क्रेता के पक्ष में 'बिक्री का प्रमाण पत्र' जारी करेगा। स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क, वाहन, वैट, टीडीएस, जीएसटी, आदि से संबंधित सभी खर्च क्रेता द्वारा वहन किए जाएंगे।
18. बिक्री सरफेसी अधिनियम/नियम, 2002 में निर्धारित शर्तों और ऊपर उल्लिखित शर्तों के अधीन है।
19. संपत्ति के विवरण आदि के संबंध में आप हमारी वेबसाइट https://www.kotak.com/en/bank-auctions.html पर भी जा सकते है। इच्छुक बोलीकर्ता प्राधिकृत अधिकारी, कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी श्री विवेक जोशी फोन नंबर 9672980959, एसी बिजनेस यूए 6 वीं मंजिल, एसडीसी एटलांटिस टॉवर, डी-231/232, आम्रपाली मार्ग, आम्रपाली सर्किल के पास, जयपुर-302021 से संपर्क कर सकते है।

स्थान: जयपुर, दिनांक: 02/02/2022

सादर कोटक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड
प्राधिकृत अधिकारी